आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 09.11.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड के सीएमडी मधु एस नायर ने एक प्रतिनिधिमंडल के साथ कल उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी से मुलाकात की।
- मुख्य सचिव द्वारा अंतरदेशीय जहाजों के लंबित पड़े मुद्दों का समाधान किया गया।
- अंडमान निकोबार राज्य कर्मचारी महासंघ और नगरपालिका स्वच्छता कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों ने राष्ट्रीय आयोग, सफाई कर्मचारी के अध्यक्ष एम. वेंकटेशन के सम्मान मे कार्यक्रम का आयोजन किया।
- कार निकोबार की उपायुक्त ज्योति कुमारी ने पेरका गांव में तीन दिवसीय कार्निक महोत्सव का उद्घाटन किया।
- समाज कल्याण निदेशालय और दक्षिण अंडमान एकीकृत पुनर्वास केंद्र की ओर से नशीले पदार्थों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

<><><><><><><>

द्वीप समूह के दौरे पर आए कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड के सीएमडी मधु एस नायर ने प्रतिनिधिमंडल के साथ कल राज निवास में उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने द्वीप समूह को क्षेत्रीय जहाज निर्माण मरम्मत हब के रूप में विकसित करने के लिए कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड और अंडमान निकोबार जहाज मरम्मत इकाई समझौते के शीघ्र कार्यान्वयन और संचालन की स्थिति से उपराज्यपाल को अवगत कराया। उपराज्यपाल ने द्वीपों में समुद्री डॉकयार्ड के आधुनिकीकरण और समग्र जहाज मरम्मत पारिस्थितिकी तंत्र के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट में तेजी लाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने तत्काल लघु मरम्मत से निपटने के लिए आपातकालीन मरम्मत दल गठित करने और श्री विजयपुरम में सहायक उद्योगों को विकसित करने, समुद्री डॉकयार्ड में विशेष मरम्मत के लिए उपकरण निर्माताओं और एजेंसियों के साथ साझेदारी स्थापित करने का भी आग्रह किया।

<><><><><><><>

मुख्य सचिव ने चौदह अक्टूबर को विभिन्न अंतर्देशीय पोत संघों के प्रतिनिधियों द्वारा सक्षमता प्रमाणपत्र के रीवेलीडेशन और अंतर्देशीय पोतों के सर्वेक्षण के पूरा होने से संबंधित शिकायतों की समीक्षा की थी। मुख्य सचिव ने बंदरगाह प्रबंधन बोर्ड को यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया कि इन मुद्दों को

प्राथमिकता के आधार पर और निर्धारित समय सीमा के भीतर हल किया जाए। इन मुद्दों पर जहराजनी सचिव द्वारा विचार–विमर्श किया गया और मुख्य बंदरगाह प्रशासक की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान कुल एक सौ सत्तर सक्षमता प्रमाणपत्रों का रि–वेलीडेशन किया गया। सभी तीन सौ इक्कीस जहाजों के लिए सर्वेक्षण औपचारिकताएं पूरी कर ली गई और आवश्यक सर्वेक्षण प्रमाणपत्र भी जारी किए गए।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार राज्य कर्मचारी महासंघ और नगरपालिका स्वच्छता कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों ने राष्ट्रीय आयोग, सफाई कर्मचारी के अध्यक्ष एम. वेंकटेशन के सम्मान मे कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर स्वच्छता कर्मचारी संघ के सचिव पलानियांडी ने उपस्थिति का स्वागत करते हुए आयोग के अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। श्याम सुन्दर राव ने नगरपालिका परिषद सफाई कर्मचारियों को नियमित करने का अनुरोध किया। भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य विशाल जॉली ने अपने संबोधन में सभी सफाई कर्मचारियों को वेतन का एक बटा तीसवां हिस्सा देने और पांच लाख रुपये से अधिक के बकाया को मंजूरी देने का अनुरोध किया। आर एस एस के विभाग–सह–कार्यवाहक के. त्यागराजन ने इन द्वीपों में आरएसएस और उसके सहयोगी संगठनों की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। आयोग के अध्यक्ष एम. वेंकटेशन ने कहा कि सफाई कर्मचारियों की समस्याएं लगातार चल रही हैं और उन्हें दूर करने के लिए आयोग की ओर से प्रयास किया जा रहा है। आयोग पहले चरण में स्वास्थ्य सेवा और वैधानिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कर्मचारियों के स्वस्थ जीवन के लिए कदम उठाएगी। उन्होंने कहा कि नियमितीकरण का मामला आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय और गृह मंत्रालय के समक्ष उठाया जाएगा क्योंकि कर्मचारियों की उम्र सेवानिवृत्ति के करीब है।

<><><><><><><>

इसके अलावा, उन्होंने सफाई कर्मचारियों से अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा देने और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने का अनुरोध किया। कार्यक्रम में अंडमान निकोबार राज्य कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष जयदीप कुमार डे, महासचिव एस. बीजू पिल्लई, भारतीय मजदूर संघ के अध्यक्ष एम. वीरन्ना उपस्थित थे।

<><><><><><><>

कार निकोबार की उपायुक्त ज्योति कुमारी ने पेरका गांव में तीन दिवसीय कार्निक महोत्सव का उद्घाटन किया। इस तीन दिवसीय महोत्सव का आयोजन कार निकोबार के जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। कार्निक महोत्सव के दौरान कार निकोबार के विभिन्न विभागों द्वारा सांस्कृतिक प्रदर्शन, पारंपरिक

संगीत और स्टॉल लगाए गए हैं। इसके अलावा, कुल ग्यारह स्वयं सहायता समूहों ने हस्तनिर्मित शिल्प, खाद्य पदार्थ,घर में उगाई गई जैविक सब्जियां और पारंपरिक निकोबारी व्यंजनों का प्रदर्शन किया। स्वयं सहायता समूहों को कुल नौ स्टॉल आवंटित किए गए थे। इस मेले का उद्देश्य स्थानीय समुदायों विशेषकर महिलाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने और अपनी आर्थिक स्वतंत्रता को बढ़ावा देने के लिए सशक्त बनाना है। महोत्सव में निकोबार जिले के पुलिस अधीक्षक सनी गुप्ता, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष और स्थानीय लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

<><><><><><><>

सरकार ने वाणिज्यिक न्यायालय संशोधन विधेयक दो हजार चौबीस के लिए लोगों से सुझाव और प्रतिक्रियाएं मांगी हैं। विधि और न्याय मंत्रालय मौजूदा वाणिज्यिक न्यायालय अधिनियम दो हजार पन्द्रह में संशोधन पर विचार कर रहा है। मसौदा विधेयक पर टिप्पणियां बाइस नवंबर तक ndiac डेश dla@gov.in पर भेजी जा सकती हैं।

<><><><><><><>

शहीद द्वीप ग्राम पंचायत प्रधान पिंकी दास ने भरतपुर निवासी पारूल रॉय के निधन पर शोक प्रकट किया है। इनका कल शाम निधन हो गया। वे अट्ठावन वर्ष की थीं।

<><><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय के तहत नशीली दवाओं की मांग में कमी के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना और दक्षिण अंडमान एकीकृत पुनर्वास केंद्र की ओर से सीनियर सेकेण्डरी स्कूल भातुबस्ती में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कक्षा नवीं से बारहवीं तक के छात्रों को मादक द्रव्यों के सेवन के दुष्प्रभावों पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम में स्कूल के प्रधानाचार्य जे. दासन पुष्पराज ने अभियान के महत्व पर प्रकाश डाला। एकीकृत पुनर्वास केंद्र के डॉक्टर एम.के. महतो ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग की रोकथाम पर जानकारी दी। उन्होंने नशा का सेवन करने वाले छात्रों को जल्द से जल्द मदद लेने का अनुरोध किया। उन्होंने छात्रों को नशीली दवाओं से संबंधित शिकायतों और परामर्श के लिए सातों दिन और चौबीसों घंटे उपलब्ध रहने वाले हेल्पलाइन नंबर एक एक दो के बारे में भी बताया और अतिरिक्त सहायता के लिए अपना व्यक्तिगत संपर्क नंबर साझा किया। इस अवसर पर शिक्षकों और एक सौ बीस से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

बम्बूफ्लाट जेट्टी में बिजली के खंभों को बदलने के कार्य के चलते आज शोलबे–फरारगंज फीडर से बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। कटौती आज सुबह आठ बजे से दोपहर तीन बजे तक कामसरात बांध, मॉर्डन

विलेज़, विम्बर्लीगंज से शोलबे–उन्नीस, विम्बर्लीगंज से फरारगंज, जिरकाटांग और रामनगर क्षेत्र में की जाएगी। यह कार्य मौसम पर निर्भर रहेगा।

<><><><><><><>

मायाबंदर कॉलेज में पांडिचेरी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध यूजी के विद्यार्थियों के लिए दिसम्बर–जनवरी की सेमिस्टर परीक्षा दिसम्बर में आयोजित की जाएगी। जिन छात्रों ने सत्र दो हजार उन्नीस–बीस में प्रवेश लिया है और जिनका पेपर बकाया है, उनसे पन्द्रह नवम्बर तक परीक्षा फार्म जमा करने को कहा गया है। अधिक जानकारी के लिए विद्यार्थी कॉलेज के प्रवेश और परीक्षा अनुभाग से सभी कार्यदिवसों में संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>